# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 28 मार्च 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड


तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री

न्यूनतम 23.6 डिग्री

12 राम जानकी मंदिर में होली मिलन समारोह...



12 कुंडकेश्वर महादेव मंदिर में मनाया होली पर्व



## खबर संक्षेप

### डीपापारा में युवक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के डीपापारा में युवक से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी अशोक सोना पिता श्याम लाल सोना (30) ने आरोपी जितेंद्र भोई पिता अलेख भोई पर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506, के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### पुराने विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** तुमगांव थाना पुलिस ने पुराने विवाद को लेकर मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जगमोहन साहू पिता माधव राम (21) वार्ड नं 3 ने आरोपी भरत यादव, आकाश साहू, वरूण यादव, तारेंद्र निषाद भाठापारा निवासी को पर बीते साल हुए झगड़े की बात को लेकर एकराय होकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध कायम किया है।

### युवक से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने वार्ड नं 11 बाजार पारा से सुकलाल यादव पिता परस राम यादव (38) के पास बिक्री करने रखे 7 लीटर महुआ शराब कीमती 1400 रुपए को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी शख्स के खिलाफ 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### धारदार हथियार लहरा रहा युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना पुलिस ने रोहन पनिका पिता स्व. कुमार पनिका (20) गणेश पारा को वार्ड नं 14 पोटरपारा को तेज धारदार चाकू लेकर हवा में लहराकर आने जाने वाले लोगों को डरा-धमकाते पकड़ा है। पुलिस ने युवक के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन आज से

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण के लिए आज 28 मार्च को अधिसूचना जारी होगी। रिटर्निंग ऑफिसर एवं कलेक्टर प्रभात मलिक के कार्यालय कक्ष क्रमांक 06 में अभ्यर्थी नाम निर्देशन पत्र जमा कर पाएंगे। मिली जानकारी के अनुसार द्वितीय चरण के लिए प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र शासकीय अवकाश दिवस को छोड़कर कार्यालयीन दिवस में प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक दाखिल कर पाएंगे। द्वितीय चरण लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 04 अप्रैल (गुरुवार) है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 05 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) को होगी। नाम वापसी की तिथि 08 अप्रैल 2024 (सोमवार) है।

# होली पर प्रलोभनों से प्रभावित हुए बिना मतदान का लिया प्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मतदाताओं को निर्वाचन के दौरान विभिन्न प्रलोभन से दूर रहने के लिए होली पर्व के पावन संध्या पर प्रलोभन दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम स्वीप के तहत यह आयोजन कर संदेश दिया गया कि मतदान के दिन के दौरान निष्पक्ष मतदान करने के लिए किसी भी तरह के प्रलोभनों से दूर रहना आवश्यक है। मतदान को प्रभावित करने वाले किसी भी तरह प्रलोभन से बचने के लिए शपथ भी ली गई। कलेक्टर प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम अंतर्गत यह आयोजन कलेक्टर परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मतदाता, नागरिक एवं जिले के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे, स्वीप के नोडल रेखराज शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी पोषण साहू सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हुए। इस दौरान यहां होलिका दहन करते हुए साथ मतदान की शपथ भी ली गई।





## मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन का आयोजन

### प्रलोभन स्वस्थ लोकतंत्र के लिए घातकः कलेक्टर



कलेक्टर प्रभात मलिक ने कहा कि लोकतंत्र अपने पसंद के उम्मीदवार को मतदान देने के लिए स्वतंत्रता देता है, लेकिन कई बार अनेक तरह के लालच और प्रलोभनों के कारण अपना स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्णय नहीं दे पाता। यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए यह घातक है। कलेक्टर ने कहा कि होली के अवसर पर जिस तरह प्रलोभन रूपी होली का दहन किया गया है। इस तरह हमें भी समस्त प्रलोभनों को दहन करना है। उन्होंने मौजूद नागरिकों को शपथ भी दिलाई। उन्होंने जिले वासियों को होली पर्व की बधाई देते हुए शांतिपूर्ण तरीके से होली मानने का आह्वान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने वृद्धजनों को गुलाल लगाया।

## पर्व : छिटपुट घटनाओं को छोड़ होली शांतिपूर्ण संपन्न

# उमंग और उत्साह के साथ मनाया रंगों का पर्व होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में रंगों का पर्व होली धूमधाम से

- पर्व को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया, टोलियों में निकले लोग

मनाया गया। मारपीट, झगड़ा की छुटपुट घटनाओं को छोड़ होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। शहरों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया गया। सोमवार को पूजा-अर्चना के बाद रंग-गुलाल के साथ लोग घरों से निकले एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी और विभिन्न पकवानों का आनंद लिया। इस दौरान शहर की गलियों और कॉलोनियों में महिला-पुरुषों की अलग-अलग टोलियां घूम रही थीं। त्योहार को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। सुबह से ही बच्चे रंग और पिचकारी लेकर मोहल्ले और कालोनी में होली के रंग में सराबोर रहे। डी जे और फाग गीत और नगाड़ों की धुन में सभी थिरकते रहे। शांतिपूर्ण होली के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। शहर के चौक-चौराहों पर पुलिस की मौजूदगी नजर आई, पेट्रोलिंग पार्टी हर गली-मोहल्लों में पेट्रोलिंग करती नजर आई।



### दहन में भद्रा का साया

शहर सहित ग्रामीण अंचल में होली के एक दिन पहले रविवार को होलिका दहन के साथ ही होली पर्व का खुमार लोगों में चढ़ने लगा। बता दें कि 24 मार्च को भद्रा सुबह 9.55 बजे से रात 11.13 बजे तक रहा। इसलिए रात में 11.13 बजे के बाद होलिका दहन किया गया। होलिका दहन से पूर्व महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर परिक्रमा कीं।

### चाकूबाजी, मारपीट के अलग-अलग मामलों में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** होलिका दहन और घुलेंडी वाले दिन जिले के विभिन्न थानों और चौकियों सहित सिटी कोतवाली में चाकूबाजी, मारपीट और जान से मार देने की धमकी मामलों में पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत दर्जनों मामले दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया। जानकारी के अनुसार वार्ड दो वीरेन्द्र नगर सरायपाली निवासी वासुदेव शर्मा ने पुलिस को बताया कि 25 मार्च की दोपहर दुर्गा मंडप के पीछे वह अपने साथी रजिंदर सिंह और संजय यादव के साथ खड़ा था इसी दौरान वार्ड 10 बाजारपारा यासीन कालोनी निवासी कृष्णा बाघ और उसका साथी नवजीत सिंह उबोवेजा तेज गति से बाइक चला रहे थे। जब उन्हे रोक कर बाइक तेज चलाने से मना किया तो कृष्णा बाध ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए मेरी हत्या करने की नीयत से पेट में चाकू मार दिया। दोस्त रजिंदर ने उसे पकड़ने का प्रयास किया इसी दौरान नवजीत सिंह उसकी कमर पर चाकू से वार कर बाइक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर धारा 294, 307, 34 के तहत मामला दर्ज किया है। इसी प्रकार सरायपाली के ही मंजीत ढाबा झिलमिला निवासी मनोज चौधरी ने पुलिस में शिकायत की है कि 25 मार्च 11 बजे विकास बिहारी ने मोबाइल गुम हो जाने पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाते हुए अश्लील गाली-गलौज कर प्लास्टिक के कैरेट से मारपीट कर चोट पहुँचाया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323 के तहत अपराध दर्ज किया है। सरायपाली थाने में ही होली के दिन पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 294, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। जानकारी के अनुसार दर्राभाठा निवासी ललित कुमार ने पुलिस को बताया कि रोहित कुमार, संजय बारिक और खिरोद बारिक ने पुरानी रंजिश को लेकर अश्लील गाली-गलौज कर उनके साथ मारपीट की। वहीं रोहित बारीक ने पुलिस में शिकायत की है कि ललित कुमार,आकाश कुमार और प्रफुल्ल कुमार ने पुरानी रंजिश पर रॉड से मारपीट कर चोट पहुंचाई। इसी प्रकार 25 मार्च को महासमुंद कोतवाली थाने में बम्हनी निवासी लक्ष्मी सोनवानी ने शिकायत की है कि गांव के ही विनोद जांगड़े, भूपेन्द्र जांगड़े, उमेश और राजू जांगड़े ने एक राय होकर अश्लील गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506 और 34 के तहत मामला दर्ज किया है। बागबाहरा थाने में वार्ड 11 निवासी प्रतिभा गहीर ने पुलिस को बताया कि बाजारपारा निवासी आशीष गहीर शराब के नशे में घरेलू बात को लेकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का और चाकूनुमा हथियार से मारपीट कर चोट पहुंचाई। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323 और 506 का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## ईडब्लूएस कॉलोनी में मनाई गई धूमधाम से होली





**महासमुंद।** मंगलवार को रंगों का त्योहार होली बड़े धूमधाम से मनाया गया। फाल्गुन माह की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले इस त्योहार पर ईडब्लूएस कॉलोनी हाउसिंग बोर्ड मचेवा में बुरा न मानो होली है की गूंज सुनाई देती रही। साथ ही डीजे की धुन पर नाचते कॉलोनीवासी होली का जश्न मनाते नजर आए। होली पर बच्चे और जवान सभी एक ही रंग में नजर आ रहे थे। होली की पूर्व संध्या सोमवार को कॉलोनीवासियों ने लकड़ियों से बनाई गई होलिका के आस पास इकट्ठा हुए। देर रात शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया। बाद लोक-पारंपरिक गीतों के साथ गीत गाए और होलिका की राख से एक-दूसरे को तिलक लगाकर बधाई दी।

# ओडिशा से गुजरात ले जा रहे थे डेढ़ क्विंटल गांजा, दो गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली/महासमुंद

गांजा तस्करी के आरोप में दो अंतर्राज्यीय तस्करों को सिंघोड़ा पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके तस्करों से कब्जे से 150 किलो गांजा जब्त किया और आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 मार्च को मुखबिर की सूचना पर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे ट्रक क्रमांक ओडी 15 डब्ल्यू 9593 को रोका गया। वाहन में दो व्यक्ति सवार थे। नाम-पता पूछने पर अपना नाम लेफरीपडा जिला सुंदरगढ़ (ओडिशा) निवासी प्रभाकर पति (37), मंगलपुर थाना काटाबनिया जिला ढेकानल (ओडिशा) निवासी सत्यजीत भोई (25) बताए। पूछताछ करने पर गोल-मोल जवाब देने लगे। कड़ाई से पूछताछ करने पर वाहन के पीछे डाला में सफेद रंग के रेला के नीचे गांजा रखकर ओडिशा से गुजरात ले जाना बताए। तलाशी लेने पर वाहन के पीछे डाला में सफेद रंग के रेला के नीचे 150 किलो गांजा मिला। आरोपियों के कब्जे से 150 किलो गांजा कीमती 22.50 लाख रुपए, ट्रक कीमती 20 लाख रुपए, दो मोबाइल कीमती 12 हजार रुपए, नकदी 1000 रुपए कुल जुमला 42.63 लाख रुपए जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## कंडे से हुआ होलिका दहन...



**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से महज आठ किलोमीटर दूरी पर है ग्राम लाफिन कला। जहां विगत छह वर्षों से गोबर के कंडे से ही होलिका दहन किया जाता है। ग्रामीणों ने घर-घर गोबर के कंडे एकत्रित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिए। इनका कहना है कि होलिका दहन में देशभर में लाखों टन लकड़ियां जल जाती है। जिससे पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ-साथ लाखों पेड़ पौधे भी नष्ट हो जाते है। हम एक पेड़ लगा नहीं सकते तो कम से कम गोबर के कंडे से होलिका दहन कर और अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित कर कुछ पेड़ों को जरूर बचा सकते हैं। वैसे भी शास्त्रों में गोबर को बहुत ही पवित्र माना गया है। विवाह, पूजा, गौरी गणेश बनाने जैसे मांगलिक और धार्मिक अनुष्ठानो मे भी गोबर का उपयोग किया जाता है। आज भी लोग मरणोपरांत गोबर से लिपाई कर ही शव को जमीन पर रखते है और कंडे से ही शव को जलाते है।

# बैंककर्मी ने माइक से मारा, किसान का सिर फूटा

## कार्रवाई की मांग को लेकर धरने में बैठे किसान, बया सहकारी बैंक में हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

बया के सहकारी बैंक शाखा में बैंक कर्मी द्वारा एक किसान से मारपीट का मामला सामने आया है। चपरासी द्वारा माइक से मारने से किसान का सिर फट गया है। किसानों द्वारा कार्रवाई को लेकर बैंक के सामने धरना प्रदर्शन जारी है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को दोपहर 3 बजे करीब 100 से भी अधिक किसानों का भुगतान नहीं होने की जानकारी देकर विड्रॉल फॉर्म पासबुक वापस ले जाने को कहा गया तो वहां पर उपस्थित बैंक के कर्मी ने किसी किसान का विड्रॉल फॉर्म फाड़ दिया, किसान द्वारा आपत्ति दर्ज करने पर बैंक कर्मचारियों ने किसान के सिर पर माइक से हमला कर दिया, जिससे किसान का सिर फट गया और खून निकलने लगा। जिससे किसान आकोशित हो गए और धरने पर बैठ गए। सूचना पर समाचार लिखे जाने तक चौकी प्रभारी के घटना स्तर पर नहीं पहुंचे हैं। बैंक प्रबंधन मामले को दबाने के लिए प्रयासरत है। साथ ही किसानों ने आरोप लगाया है कि स्थानीय बैंक में दलालों का कब्जा हो गया है। दलाल किस्म के लोगों को एक साथ 10-20 लोगों का भुगतान अंदर ही अंदर किया जा रहा है, जो गरीब किसान 50-50 किलोमीटर से सुबह से आकर बैठे हैं उन्हें भुगतान नहीं किया जा रहा है। हर विड्रॉल फॉर्म पर बैंक प्रबंधन द्वारा 500 से 1000 रुपए लिया जा रहा है। यहां स्थानीय बैंक पर पूर्ण रूप से दलालों का कब्जा हो गया है, ऐसा किसानों ने आरोप लगाया है।



## अवैध शराब निर्माण व विक्रय पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शराब के अवैध तरीके से बिक्री के विरुध्द कार्रवाई के दौरान वृत्त सरायपाली सर्किल अंतर्गत ग्राम कोटद्वारी कालीदरहा बांध के पास के पहाड़ में अवैध हाथभट्टी महुआ शराब के निर्माण की सूचना पर मौके से आरोपी हीरालाल सेठ उम्र 32 वर्ष निवासी कोटद्वारी द्वारा संचालित अवैध हाथ भट्टी से 7 बोरियों में रखा हुआ महुआ पास प्रत्येक में 35 किलो कुल 245 किलोग्राम महुआ लाहन कीमत 12250 रुपए तथा चार बोरियों में पॉलीथिन में रखा हुआ महुआ शराब प्रत्येक में 35 लीटर कुल 140 बल्क लीटर कीमत 28000 रुपए, कुल बाजार मूल्य 40250 रुपए का अवैध हाथभट्टी महुआ शराब एवं महुआ लाहन आरोपी के कब्जे से जब्त कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क)(च), 34(2), 59(क) के तहत प्रकरण कायम कर मामला विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई उत्तम बुद्ध भारद्वाज सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंडल सरायपाली एवं आबकारी उपनिरीक्षक शिवशंकर के नेतृत्व में की गई। यह कार्यवाही जिला आबकारी अधिकारी मोहित कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में आबकारी आरक्षक राज किशोर पांडे एवं समस्त आबकारी स्टाफ सरायपाली द्वारा किया गया।

## मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र 3 अप्रैल को बनेगा

**महासमुंद।** शुक्रवार 29 मार्च को गुड फ्राइडे पर सार्वजनिक, सामान्य अवकाश तथा शुक्रवार 05 अप्रैल को भक्त माता कर्मा जयंती होने के कारण दोनों दिवसों में बनाए जाने वाले मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र बुधवार 03 अप्रैल 2024 को दिव्यांग प्रमाण पत्र के साथ बनाया जाएगा।


**पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### गांवों में चलाया जा रहा मिशन लाइफ अभियान

**महासमुंद।** राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक केदारनाथ दीवान द्वारा बसना ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायत, मेढ़ापाली, ठूठापाली, उमरिया, भंवरपुर में मिशन लाइफ एवं ओडीएफ प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक जगहों पर पोस्टर लगाकर जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं।

### टेली मानस हेल्थ प्रोग्राम के तहत टोल फ्री नंबर

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानसार सीएमएचओ डॉ पी. कुदेशिया, डीपीएम नीलू धृतलहरे और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से भारत सरकार की महत्वाकांक्षी टेलीमानस हेल्थ प्रोग्राम जिला स्तर पर क्रियावंयन के लिए नेशनल टेलीमानस एवं टोल फ्री नंबर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय महासमुंन्द में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। यह जानकारी राम गोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता ने दी है।

## समस्या: आधा किलोमीटर दूर से पानी लाने को विवश हैं लाखागढ़ के लोग

# गांव में टंकी, घर-घर कनेक्शन, फिर भी नहीं मिल पा रहा बूंद भर पानी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

नगर से लगे ग्राम लाखागढ़ में प्रधानमंत्री नल जल योजना के तहत पानी टंकी है। घर-घर नल कनेक्शन दिए जा चुके है। परंतु, आज तक लाखागढ़वासियों ने ग्राम पंचायत द्वारा लगवाए गए नलों से एक बूंद पानी निकलता नहीं देखा है। लिहाजा अब ग्रामवासी आधा किलोमीटर दूर से पानी भरकर घर ला रहे हैं, जिससे निस्तार का काम चल रहा है। वहीं दूसरी ओर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के एसडीओ ने लिखित में लाखागढ़ की नल जल योजना को सुचारू रूप से चलना बताया है।

देशभर में जल आपूर्ति के लिए केंद्र सरकार द्वारा नल जल योजना चलाई गई है। इसके तहत आवश्यक आबंटन भी तत्काल जारी किया जा रहा है। इस योजना में ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक परिवर को निःशुल्क नल कनेक्शन दिया जाता है। परन्तु, सरकारी धन में गड़बड़ी करने की लत ने केंद्र की एक महत्वाकांक्षी योजना पर पलीता लगा दिया है। ग्राम लाखागढ़ के वार्ड 14 इंदिरा कॉलोनी के रहवासी वर्तमान में नारकीय जीवन जी रहे है।

केंद्र एवं राज्य की अनेक योजनाओं के बारे में यहां के लोगों को पता ही नहीं है। ग्रामवासियों में राधा बाई, उर्मिला बाई, दुलारी, जगदीश महाराज एवं ओंकार ने इस प्रतिनिधि को बताया कि कोई डेढ़ बरस पहले ग्राम के सरपंच द्वारा घर-घर में एक नल लगवाया गया था। उस दौरान उन्होंने इस नल के माध्यम से उन्हें निःशुल्क जल उपलब्ध होने की जानकारी ग्रामीणों को दी गई थी। परंतु, डेढ़ साल के बाद भी नल तो जस के तस लगे है। इसमें किसी भी नल से कभी भी एक बूंद पानी नहीं आया। इसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में कई गई थी। जहां से पीएचई को मामला सुलझाने का आदेश दिया गया था।





### टंकी पूर्ण एवं कार्य गुणवत्ता से हुआः एसडीओ

इधर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने उक्त मामले में जांच कर लिखित में बताया कि नल पूरे पंचायत क्षेत्र के घरों में लग गए है। पानी टंकी का कार्य भी गुणवत्ता पूर्वक हुआ है, इसलिए प्रकरण समाप्त किया जाता है। कार्यपालन यंत्री के उक्त जांच के बाद अब लाखागढ़वासी यह सोच कर परेशान है कि टंकी बन गई है, घर-घर कनेक्शन दिए गए हैं। इसके बावजूद नल से एक बूंद पानी नहीं मिल रहा, तब ऐसी नल जल योजना से आखिर किसका हित हुआ या हो रहा है। यह सोचने का विषय है। शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना की दुर्गति लाखगढ़ ग्राम पंचायत में देखी जा सकती है। शासन के लाखों खर्च होने के बाद भी ग्रामीण एक एक बूंद पानी के लिए तरस रहे है।

### आधा किलो मीटर दूर से लाते है पानी

इंदिरा कॉलोनी के ग्रामीणों ने बताया कि यहां के लिए अब तक विभिन्न मदो से 5 नग ट्यूबवेल स्वीकृत हुए है। परंतु, एक ही ट्यूबवेल वार्ड के एक गौटिया परिवार के घर के बाहर ही खोदा गया है। यही से पूरी कॉलोनी का निस्तार चलता है। सुबह से शाम तक यहां की महिलाएं बच्चे एवं पुरुष ट्यूबवेल से पानी भरने के लिए अपनी बारी की प्रतीक्षा करते रहते है। बहरहाल, इस वर्ष पड़ रही गर्मी और पखवाड़े भर बाद प्रारम्भ होने वाली भीषण गर्मी से ग्रामीणों का परेशान होना तय है।

## ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का किया गया प्रथम रेंडमाइजेशन

महासमुंद। लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए आज राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कहा कि मतदान केंद्रों में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का उपयोग करने के पहले पारदर्शिता के लिए विभिन्न चरणों में मशीनों का रेंडमाइजेशन किया जाता है। मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन सॉफ्टवेयर में किया गया। जिसके तहत उपलब्ध बैलेट यूनिट के 2110, कंट्रोल यूनिट के 1362 एवं वीवीपैट के 1462 यूनिटों का रेंडमाइजेशन किया गया। ज्ञात है कि सरायपाली विधानसभा अंतर्गत 270, बसना विधानसभा अंतर्गत 287, खल्लारी विधानसभा 270 एवं महासमुंद विधानसभा अंतर्गत 246 अर्थात कुल 1080 मतदान केंद्र है। रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की सहमति के पश्चात कुल मतदान केंद्र का 123 प्रतिशत बैलेट यूनिट, 123 प्रतिशत कंट्रोल यूनिट एवं 133 प्रतिशत वीवीपैट मशीनों का रेंडमाइजेशन किया गया। जिले में पारदर्शिता के लिए रेंडमाइजेशन की संपूर्ण प्रक्रिया का वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराया गया। रेंडमाइजेशन के बाद इसका प्रिंट निकालकर सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से हस्ताक्षर कराने के बाद उन्हें इसकी प्रतियां प्रदान की गई। इसके बाद वेयर हाउस में अलग-अलग कक्षों में रखे सीयू, बीयू एवं वीवीपैट का अवलोकन कराया गया। पदाधिकारियों को स्ट्रांग रूम का अवलोकन कराने के साथ ही चुनाव से संबंधित अन्य गतिविधियों की जानकारी दी गई। रेंडमाइजेशन के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दाऊलाल चंद्राकर, भारतीय जनता पार्टी के येतराम साहू सहित अन्य राजनीतिक दल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय कुमार साहू, अपर कलेक्टर रवि साहू, ईवीएम के जिला नोडल अधिकारी समीर पांडेय उपस्थित थे।

### मतदाता जागरुकता अभियान के तहत दीवारों पर लिखे जा रहे हैं मतदाता जागरूकता स्लोगन

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक तथा सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल स्वीप अभियान एस आलोक के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरुकता अभियान की गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी के तहत नेहरू युवा केंद्र द्वारा जिले में विभिन्न स्थानों पर मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन जन-जन की पुकार है, वोट देना अधिकार है, मत देना अपना अधिकार, बदले में न लें उपहार लिखकर मतदाताओं से मतदान करने की अपील की जा रही है तथा मतदाताओं से आग्रह किया जा रहा है कि वे लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान करें।

## होली पर्व...



**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ रविवार ककी रात्रि 11.15 बजे होलिका दहन करने के बाद सोमवार को हर्षोल्लास एवं आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्वक तरीकों से होली उत्सव मनाया गया है।

# नांदगांव स्कूल में बच्चों को कराया गया पौष्टिक भोजन

## शासकीय प्राथमिक शाला नांदगांव में न्यौता भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय प्राथमिक शाला नांदगांव में बुधवार को न्यौता भोज का आयोजन किया गया। नांदगांव निवासी योगेश पटेल के घर पर छट्ठी कार्यक्रम के उपलक्ष्य में न्यौता भोज के तहत जलेबी, समोसा एवं केला का वितरण स्कूली बच्चों को किया गया।

इस अवसर पर शिक्षकों ने बताया कि दरअसल, प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ में न्यौता भोज के नाम से लागू किया गया हैं। इसमें कोई भी इच्छुक दानदाता अपनी ओर से बच्चों को मध्याह्न भोजन के समय इस तरह से पूरक आहार के रूप में पौष्टिक भोजन प्रदान कर सकते हैं। इसके तहत शासकीय प्राथमिक शाला नांदगांव में पटेल द्वारा बच्चों को गर्म और स्वादिष्ट भोजन कराया गया। इस दौरान संस्था प्रमुख शीला चंद्राकर, शिक्षक कमलेश पटेल, पोखन चंद्राकर, अजय बंजारे एवं शिक्षिका लक्ष्मी साहू उपस्थित थे।





### न्यौता भोज का उद्देश्य पूरक पोषण वितरण

नांदगांव के योगेश पटेल ने कहा कि न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि और सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है। समुदाय के लोग या फिर कोई भी सामाजिक संगठन, स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं। अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं। वहीं, न्यौता भोज स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों को दिए जा रहे भोजन का पूरक है।



### यादव समाज की बैठक में अनेक मुद्दों पर हुई चर्चा

**बसना।** छग झेरिया यादव समाज बसना तहसील अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने तहसील व परिक्षेत्र पदाधिकारियों की आकस्मिक बैठक ली। बैठक में सामाजिक चर्चा पश्चात आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के महासमुंद सांसद प्रत्याशी रुपकुमारी ओमप्रकाश चौधरी के समर्थन में समाज को सहयोग करने के लिए अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में गरीबों के लिए आवास व महतारी वंदन योजना के साथ अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू किया है, उन सभी योजनाओं से आज हम सभी लाभान्वित हो रहे हैं। मोदी की विकसित भारत के मिशन ने छत्तीसगढ़ में भी भाजपा का कमल खिलाते हुए पूर्ण बहुमत मिला है। बैठक में बसना तहसील सलाहकार संपत्ति यादव, देवरी परिक्षेत्र अध्यक्ष गजानंद यादव, जमदरहा परिक्षेत्र अध्यक्ष पेनकू यादव, कपसाखुटा परिक्षेत्र अध्यक्ष अलेक यादव, गनेकेरा परिक्षेत्र अध्यक्ष गणेश राम यादव, गौरटेक परिक्षेत्र सचिव रविशंकर यादव, भूकेल परिक्षेत्र अध्यक्ष रंगीलाल यादव, बड़े टेमरी परिक्षेत्र सचिव रमेश यादव, मिडिया प्रभारी ओमप्रकाश यादव, फुलझर राज अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ संतोषी यादव, बसना तहसील अध्यक्ष सुमन यादव, किशोर यादव व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय साइकिल पोलो क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का चयन

## पोलो क्रीड़ा प्रतियोगिता 28 से 31 मार्च तक महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

महाराष्ट्र के नागपुर में होने वाली राष्ट्रीय स्तर साइकिल पोलो क्रीड़ा प्रतियोगिता 28 से 31 मार्च 2024 को होने वाली है। जिसमें महासमुंद जिले से पिथौरा के गुलाब मोहम्मद पिता हबीब मोहम्मद का चयन सीनियर वर्ग व सत्यम बेलदार पिता शत्रुघ्न बेलदार का चयन जूनियर बालक वर्ग में हुआ।

गुलाब मोहम्मद ने 14 बार राज्य स्तर व 5 बार राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया है और सिल्वर मेडल भी प्राप्त किया है और अभी छठी बार राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में चयन हुआ है। इसी तरह सत्यम बेलदार ने जूनियर वर्ग में पांच बार राज्य स्तर व एक बार राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है, यह दूसरी बार इनका राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है। पिथौरा क्षेत्र से योगेश सोनवानी, शिवम बेलदार केसर लाल, डिग्री लाल , शैलेश यादव, आलोक तिवारी, लीना नेताम, तन्नु बानो, पूर्णिमा नेताम, श्याम लाल ने भी राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में भाग लेकर पदक प्राप्त किया है।

इनके मार्गदर्शक वी कोच साइकिल पोलो एसोसिएशन वी आर चन्नावर, देव अवतार चौधरी, व्याम शिक्षक योगेश सोनवानी, यूके नेताम, व्याख्याता सुधीर प्रधान केशव निषाद, राजेश साहू, रवि गुप्ता, अनुज सिंग, अमन मारकनड़े, नंदिता ठाकुर, दुर्गा यादव उत्तम, शिवचरण सिन्हा आदि ने हर्ष जताया है।



## शहर में सर्वाधिक मतदान के लिए नपा ने शुरू किया जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका ने लोकसभा चुनाव के दौरान शहर सर्वाधिक मतदान और मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने के लिए बुधवार से मतदाता जागरुकता अभियान का आगाज किया है। अभियान में सहभागिता के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने विगत 29 मार्च को व्यावसायिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत की है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने लोकसभा चुनाव में महासमुंद में मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ाने के लिए शहर के निवासियों, धार्मिक, व्यवसायिक, स्कूल-कॉलेज, सामाजिक, होटल व अन्य संगठनों के पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर प्रतिनिधियों से मतदान प्रतिशत बढाने की अपील की है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि जिस प्रकार से स्वच्छता अभियान में नागरिकों का अधिक से अधिक सहयोग रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप महासमुंद नगर स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है, उसी प्रकार आगामी लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक मतदान के लिए जागरूकता अभियान चलाकर प्रत्येक मतदाता को वोट देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# खरोरा के स्मारक में मनाया गया शहीद दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के समीपस्थ ग्राम खरोरा में स्थित शहीद स्मारक में 23 मार्च को पूर्व सैनिक सेवा संघ द्वारा शहीद दिवस मनाया गया। हर साल 23 मार्च को देश में शहीद दिवस मनाया जाता है।

23 मार्च 1931 के दिन तीन महान देशभक्तों भगत, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई थी। यह तीनों देशभक्त आजादी के गीत गाते हुए हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए थे। देश की आजादी की लड़ाई में इन महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। शहीद स्मारक में शाम 6 बजे पूर्व सैनिक सेवा संघ के सदस्य एवं उनके परिवार उपस्थित होकर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किए।

शहीद स्मारक प्रांगण में एवं देश रक्षा में अपनी जान की बाजी लगाने वाले शहीदों की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीपदान द्वारा उनको नमन किया गया। राष्ट्रगान के पश्चात शहीदों के प्रति सभी भारतीयों के तरफ से उन्हें श्रद्धा सुमन द्वारा स्मरण किया गया। पश्चात देशभक्ति गीत, कविता, भाषण प्रस्तुत किया गया। पूर्व सैनिक स्व. पंकज चंद्राकर की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी ज्योति चंद्राकर द्वारा इस अवसर पर शहीद स्मारक में साउंड सिस्टम प्रदान किया गया। पूर्व सैनिक सेवा संघ द्वारा आभार प्रकट कर स्व पंकज चंद्राकर के योगदान एवं सहयोग को याद कर उन्हें नमन किया गया। पूर्व सैनिक सेवा संघ के अध्यक्ष युवराज चंद्राकर ने शहीद दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि शहीद भगत सिंह, सुखदेव और और राजगुरु की इस शहादत से देशभर में राष्ट्रवाद का मानो ज्वार आ गया, आजादी की लड़ाई तेज हो गई। अंततः अंग्रेजों को भारत को आजाद करना ही पड़ा। भगत सिंह के विचार और व्यक्तित्व आज भी युवाओं को प्रेरणा देते हैं।



## सचिव संघ के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बने द्वारिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला सचिव संघ की बैठक में संगठन के सक्रिय सचिव द्वारिका यादव को कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मनोनित किया गया है। श्री यादव के मनोनयन पर संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हर्ष जताया है।

पिछले दिनों जिला सचिव संघ की बैइक सराईपाली में हुई। जिसमें पांचों विकासखंडों के सचिव संघ के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। सभी की मौजूदगी में सर्वसम्मति से सचिव द्वारिका यादव को संगठन का कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बनाया गया। वहीं हरीश मानिकपुरी को जिला सचिव नियुक्ति किया गया है। इस मौके पर नवनियुक्त दोनों पदाधिकारियों ने उन्हें मिली जिम्मेदारी के लिए आभार जताते हुए कहा कि संघ के सदस्यों ने जो दायित्व सौंपा है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। इस दौरान प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष सुनील साहू, संरक्षक पुनीत सिन्हा, नेहरू पटेल, नरेश पटेल, चंद्रप्रताप ठाकुर, मुरली साव, श्रीमती नेहा उपाध्याय, कृष्णा चौहान, सत्येंद्र चंद्राकर, चक्रधर साहू, मोहित साव, नारायण साहू, द्वारिका निषाद, हरिदास, बंशी पटेल, चिंतामणी साहू, शंकर साहू, त्रिभुवन कोसरे, मोतीराम, डेविड मन्नाडे, प्रेमलता, माधुरी सूर्यवंशी, अजय भोई आदि मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप



### विदाई समारोह व न्योता भोजन कार्यक्रम हुआ

**महासमुंद।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला गढ़सिवनी में कक्षा 8वी के छात्रों को विदाई एवं शासन की बहुप्रतीक्षित योजना न्योता भोजन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रधान पाठक एचआर टंडन, संतोष साहू (अध्यक्ष), राधेलाल पाटिल (उपाध्यक्ष ) द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात 8वी के छात्रों द्वारा चिट निकाल कर प्राप्त विषय पर अपनी प्रतिक्रिया दी गई। इस प्रकार बच्चों की विदाई एवं साथ में न्योता भोज का आयोजन संतोष साहू अध्यक्ष एवं राधेलाल पाटिल उपाध्यक्ष शाला विकास समिति गढ़सिवनी द्वारा दिया गया। प्रधान पाठक एचआर टंडन द्वारा आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक सुरेश कुमार साहू, लुकेश आवले, योगेश कुमार साहू, राधेश्याम यादव, पालकगण ओम प्रकाश सोनकर, हेमलता गोश्वमी, प्रतिमा सोनकर, रोशन मानिकपुरी उपस्थित रहे।

### व्यय प्रेक्षक 2 के लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त

**महासमुंद।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक 02 के सहयोग के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने संजू लाल सिंह, सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश को व्यय प्रेक्षक 02 के लाइजनिंग ऑफिसर का कार्य सौंपा गया है।

### निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए उड़नदस्ता नियुक्त

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए नियुक्त उड़नदस्ता दल के अधिकारी-कर्मचारियों में आंशिक संसोधन करते हुए विधानसभावार ड्यूटी लगाई है। विधानसभा क्षेत्र 41-खल्लारी के लिए तहसीलदार पिथौरा देवेंद्र कुमार सिरमौर तथा 39-सरायपाली के लिए नायब तहसीलदार रविंद्र कुमार काले एवं उप अभियंता जनपद पंचायत सुशांत त्रिपाठी को उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है।

### सत्यापन के लिए दिया गया दायित्व

**महासमुंद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 09 महासमुंद के लिए 28 मार्च से 04 अप्रैल 2024 तक नाम निर्देशन पत्र लिया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने जिला कार्यालय में स्थित फैसिलिटी सेंटर में नाम निर्देशन पत्र में अंगूठा निशान का सत्यापन करने के लिए अर्चना गुप्ता, सहायक संचालक ग्रामोद्योग को दायित्व सौंपा है।

### खल्लारी मंदिर बेमचा में चैत्र नवरात्र की तैयारी

**महासमुंद।** चैत्र नवरात्र पर्व पर ग्राम बेमचा स्थित मां खल्लारी मंदिर में शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद भगवत महापुराण का आयोजन 8 अप्रैल सोमवार से किया गया। प्रथम दिन 12 बजे शाम 4 बजे से भव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी। 9 अप्रैल मंगलवार दोपहर 12 बजे ज्योति प्रज्वलन स्थापना, यज्ञ समय प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक, भागवत एवं प्रवचन प्रवक्ता स्वर्णिम दीदी वृंदावन धाम द्वारा प्रवचन समय दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक होगी। संध्या आरती प्रतिदिन शाम 7 बजे तक, पंचमी विशेष हवन 13 अप्रैल, सप्तमी 15 अप्रैल, महानिशा पूजा रात्रि 12 बजे, अष्टमी हवन 16 अप्रैल 2024 प्रातः 11 बजे होगा। साथ ही श्री मद भगवत कथा समापन होगा। यज्ञ सहायक पांडुका आश्रम से पंडित सौरभ शुक्ला, पंडित दुर्गेश दुबे, पंडित सोनू पांडेय, पंडित दामोदर तियार, पंडित जितेंद्र उपाध्याय, त्र्यंबकेश्वर बनारस से रामेश्वरम आश्रम से पंडित प्रतीक पांडेय, सौरभ शर्मा, नितिन शुक्ला, लोकेश दुबे होंगे। उक्त जानकारी मां खल्लारी मंदिर के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

## चुनाव : फॉर्म 12 घ जमा करने की अंतिम तिथि 2 अप्रैल

# मतपत्र से मतदान की पात्रता और प्रक्रिया की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डॉक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इंडिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मीडियाकर्मी जिन्हें आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र जारी किए जाएंगे एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं।



भारत निर्वाचन आयोग आयोग के निर्देशानुसार अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से इन सेवाओं के ऐसे कर्मचारी, जो अपनी शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते है, केवल उनके लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जाती है। ऐसे सभी कर्मियों को प्रारूप 12 घ पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन करना होता है। महासमुंद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में द्वितीय चरण में निर्वाचन सम्पन्न होना है। जिसके लिए फॉर्म 12 घ जमा करने की अंतिम तिथि 2 अप्रैल 2024 है। प्रारूप 12 घ में आवेदन करने वाले कर्मचारी को आवेदन में अपना मोबाइल नंबर, वोटर आईडी नंबर एवं मतदाता सूची में भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही-सही दर्ज करना होगा। उन्हें वोटर आईडी कार्ड की छायाप्रति भी साथ में संलग्न करनी होगी।

### वोटर हेल्पलाइन एप जारी

निर्वाचक नामावली में कर्मचारी की अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप का उपयोग किया जा सकता है। जिसमें वोटर आईडी कार्ड नंबर डॉलकर इसे खोजा जा सकता है। जिला स्तर पर नोडल अधिकारियों को फॉर्म 12 घ में प्राप्त आवेदनों को इसके भाग 2 में सत्यापित करना अनिवार्य होगा। नियत समयावधि तक प्राप्त सभी पात्र अनुपस्थित अनिवार्य श्रेणी के मतदाताओं को जिले में पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित कर डॉक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर जिले में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्धारित किए गए लगातार 3 दिनों तक सुबह 9 से सायं 5 बजे तक संचालित किया जाएगा। फॉर्म 12घ में आवेदन प्राप्त होने और इसके स्वीकृत होने पर मतदाताओं को पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापना की तिथि एवं स्थान संबंधी सूचना प्रदान की जाएगी, जिससे कि वे आकर अपना मतदान कर सकें। ऐसे सभी मतदाता मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर अपना वोट नहीं डाल सकेंगे। इसलिए इन सेवाओं के ऐसे व्यक्ति जो मतदान के दिन मतदान केंद्र जाकर अपना वोट डॉलने में सक्षम है, उन्हें इस सुविधा की पात्रता नहीं होगी और उन्हें आवेदन फॉर्म 12 घ नहीं भरना होगा।

# विकास की गाथा का हिस्सा और अर्थव्यवस्था का आधार है व्यापारी समाज : डॉ. संपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



व्यापारी महासंघ बसना के तत्वावधान में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम मां भारती की छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। व्यापारी महासंघ द्वारा विधायक अग्रवाल का फूलमाला पहनाकर स्वागत तथा मोमेंटो से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधायक संपत ने कहा कि हम सब का अन्नदाता अगर किसान है तो विकास की गाथा का हिस्सा व्यापारी बंधु है। अर्थव्यवस्था का आधार व्यापारी समाज है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का व्यापारी बंधु अधिक से अधिक लाभ उठाएं। छोटे, मध्यम और बड़े व्यापारी यदि सामंजस्य के साथ कार्य करें तो सबका भला होगा। आज पुरुषों के साथ साथ महिलाएं भी कंधे से कंधा मिलाकर व्यापार और उद्योग में भागीदारी कर रही है। देश के विकास के लिए व्यापार, राजनीति सहित अन्य क्षेत्रों में योगदान देना चाहिए।

इस अवसर जागेराम, आनंद राम मदनानी, लाला सिंह छाबड़ा, किशोरी लाल अग्रवाल, कश्मीरी लाल अग्रवाल, रघुवीर वास्तव, देवचरण अग्रवाल, जयनारायण अग्रवाल, नवल अग्रवाल, रीतेश अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, गिरीश नामदेव, मंजीत सिंह छाबड़ा, साजिद फुलारा, गुरबक सिंह तलूजा, दीपक अग्रवाल, सोनू वास्तव, अजय अग्रवाल, जयभगवान अग्रवाल, संजय आहूजा, सांवर अग्रवाल, इकबाल सिंह छाबड़ा, संगीत सलूजा, सतीश अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, विजय मदनानी, विकास अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने ग्राम मुढ़ीपार के सुखराम प्रजापति पिता स्व. रकबर प्रजापति (64) के पास से 4500 एमएल महुआ शराब कीमत 900 रुपए को बरामद किया है।



### विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में 86 लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

**बागबाहरा।** लोकसभा चुनाव के चुनावी समीकरण में भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ के सभी 11 सीटों के प्रत्याशियों की विधिवत घोषणा उपरांत 23 मार्च 2024 को महासमुंद लोकसभा की विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन बागबाहरा मंडी प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के उभरते आदिवासी युवा नेता व जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में अंजोर सिंह ध्रुव,अजय ध्रुव, माधव मांझी, कार्तिक बरिहा, टोपेश ध्रुव, पूरन सबर, सेतराम ध्रुव, विनोद दीवान, हृदयराम ध्रुव, छत्तरसिंह ठाकुर के संयुक्त प्रयास से लगभग 86 लोगों का भाजपा प्रवेश दिलाया गया।

## मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण लगातार गिर रहा रुपए का स्तरः विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- डॉलर के मुकाबले रूपए की गिरावट को पूर्व संसदीय सचिव ने बताया मोदी की गलत नीतियों का परिणाम



पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण डॉलर के मुकाबले रुपए लगातार अपने न्यूनतम स्तर पर चल रहा है। रुपए की इस गिरावट पर न तो प्रधानमंत्री की आवाज निकल रही है और न ही किसी अन्य भाजपाई के मुंह से कुछ निकल पा रहा है। इस रिकॉर्ड गिरावट का श्रेय भी आगे बढ़कर प्रधानमंत्री और सभी भाजपाइयों को लेना चाहिए।चंद्राकर ने कहा कि केंद्र सरकार के लचर वित्तीय प्रबंधन व गलत आर्थिक नीतियों के कारण एक डॉलर अब 83.52 रुपए के बराबर हो चुका है। देश के इतिहास में यह गिरावट आज तक की सबसे बड़ी गिरावट है। लगातार गिर रहे रुपए को संभालने के लिए केंद्र सरकार के पास न तो कोई नीति है और न ही किसी तरह की नीयत है।

### महाविद्यालय में लैंग्वेज लैब प्रशिक्षण का समापन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लैंग्वेज लैब का निर्माण किया जा रहा है। लैब के संचालन के लिए वर्डस वर्थ लैंग्वेज प्रोग्राम सेंटर गुजरात द्वारा महाविद्यालय के भाषा विभाग के प्राध्यापकों को आनलाइन प्रशिक्षण तीन चरणों में दिया गया। विदित है कि आगामी समय में महाविद्यालय का नैक मूल्यांकन होना है। इस दिशा में नैक ग्रेडिंग को बेतहर बनाने के लिए महाविद्यालय नैक द्वारा पूर्व में दिये गये सुझावों का परिपालन करते हुए लैंग्वेज लैब का निर्माण प्राथमिकता के साथ कर रही है। लैंग्वेज लैब के निर्माण से महाविद्यालय के विद्यार्थियों में अंग्रेजी एवं हिंदी भाषा की समझ में विस्तार होगा। मुख्य रूप से विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के दैनिक उपयोगी शब्द, उच्चारण, वर्तनी एवं स्पष्ट अभिव्यक्ति के गुण लैंग्वेज लैब के माध्यम से सीख सकेंगे। वर्तमान में लैब के प्रभावशाली संचालन के लिए भाषा विभाग के प्राध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो प्रशिक्षण उपरांत महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को भाषा के बारिकीयों को सिखाएंगे। प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशानुसार वड्र्स वर्थ लैंग्वेज लैब सेंटर गुजरात के भाषा वैज्ञानिक एलीन जान एवं अरींदम भट्टाचार्य द्वारा ऑनलाइन माध्यम से अंग्रेजी विभागाध्यक्ष सी खलखो, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गावती भारतीय, सहायक प्राध्यापक हिंदी सीमारानी प्रधान, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी आशुतोष पुरी गोस्वामी, अतिथि व्याख्याता नरेश कुमार, जनभागीदारी प्राध्यापक हिंदी अन्नपूर्णा देवांगन एवं टीकम साहू को दिया गया।

# नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाने संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर एवं कलेक्टर प्रभात मलिक के कार्यालय कक्ष क्रमांक 06 में अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया जाएगा। इस संबंध में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा संबंधित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कहा कि नाम निर्देशन पत्र तथा प्रारूप 26 में शपथ पत्र प्राप्त करते समय उसके प्रत्येक कॉलम की भली भांति जांच करनी चाहिए। इसी तरह अभ्यर्थियों को दी जाने वाली जांच सूची भी सावधानी पूर्वक तैयार करना चाहिए। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, एसडीएम महासमुंद उमेश साहू, डिप्टी कलेक्टर हरिशंकर पैकरा एवं आशीष कर्मा उपस्थित थे।

जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि अभ्यर्थी द्वारा नामांकन शुल्क 25 हजार रुपए जमा किया जाएगा। अनुसूचित एवं जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को इस पर 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। परंतु, इसके लिए उन्हें सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। एक अभ्यर्थी द्वारा अधिकतम 4 सेट में नाम निर्देशन पत्र जमा किया जा सकता है। राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त एवं छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त दलों के अभ्यर्थियों के लिए प्रस्तावकों की संख्या एक होगी। इसी प्रकार अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त दलों तथा निर्दलीय अभ्यर्थियों के लिए




प्रस्तावकों की संख्या 10 होनी चाहिए। ये प्रस्तावक महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के मतदाता होने चाहिए।

नामांकन दाखिल करते समय रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में अभ्यर्थी सहित कुल 5 व्यक्ति प्रवेश कर सकते हैं। अभ्यर्थियों के शपथ पत्र के सभी कॉलम भरे होने चाहिए। उनके द्वारा स्टांप साइज के फोटो जमा किए जाएंगे जो तीन माह से अधिक पुराना न हो। फोटो की पृष्ठभूमि सफेद होनी चाहिए, परंतु फोटो रंगीन व श्वेत श्याम हो सकता है। टोपी लगाकर या काला चश्मा लगाया हुआ फोटो स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी को नाम निर्देशन पत्र जमा करने के बाद तथा संवीक्षा की नियत तिथि के एक दिन पहले तक रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष निर्धारित प्रपत्र में शपथ या प्रतिज्ञान लेना होगा तथा उस पर हस्ताक्षर करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि मतपत्र में अभ्यर्थियों के नाम तीन अलग-अलग श्रेणियों में होंगे जो हिंदी भाषा के आधार पर देवनागरी लिपि के वर्णक्रम के आधार पर निर्धारित किए जाएंगे।

### अभ्यर्थी 28 से कर सकेंगे नामांकन दाखिल

लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण के लिए 28 मार्च को अधिसूचना जारी होगी। द्वितीय चरण के लिए प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र शासकीय अवकाश दिवस को छोड़कर कार्यालयीन दिवस में प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक दाखिल कर सकते हैं। द्वितीय चरण लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 04 अप्रैल 2024 (गुरुवार) है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 05 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) को होगी। नाम वापसी की तिथि 08 अप्रैल 2024 (सोमवार) है।



### शहर में जल संकट पर अधिकारी-कर्मचारी दें विशेष ध्यानः सीएमओ

**महासमुंद।** शहर में पेय जलापूर्ति की व्यवस्था को लेकर शनिवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने जल विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने पेयजल की समस्या को तत्काल दूर करने तथा खराब मोटर पम्प को सुधार कराने का निर्देश दिए। सीएमओ रात्रे ने जल विभाग के कर्मचारियों से कहा है कि इस बात का ध्यान रहे की नगर पालिका के पानी टैंकर का निजी उद्देश्य से प्रयोग न हो। बिना रसीद काटे पानी प्रदाय करते पकड़े जाने पर संबंधित कर्मचारी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जल विभाग के उड़नदस्ते को रोजाना सुबह-शाम वार्डों में औचक निरीक्षण करने और टुल्लू पंप के माध्यम से पानी भरने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में जल प्रभारी सीताराम तेलक, उप अभियंता दिलीप कश्यप, दुर्गेश कुंजेकार, नौशाद बक्श, बालमुकुंद वर्मा, विश्राम सिन्हा, टेक राम साहू, सुबेलाल आदि उपस्थित रहे।

# महासमुंद कांग्रेस भवन में केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय कांग्रेस भवन में महासमुंद लोकसभा चुनाव के लिए कार्यालय का उद्घाटन हुआ। कांग्रेस भवन का चयन केंद्रीय कार्यालय के रूप में किया गया है। जिससे सरायपाली से लेकर बिंद्रानवागढ़ एवं कुरूद तक लोकसभा चुनाव का संचालन किया जा सके।

कार्यक्रम में महासमुंद जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, विनोद सेवनलाल चंद्राकर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद, ग्रामीण अध्यक्ष खिलावन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, प्रमोद चंद्राकर जिलाध्यक्ष वनोपज, दाऊलाल चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन, सती साहू, जनपद अध्यक्ष



यतेंद्र साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, संजय शर्मा प्रभारी महामंत्री, हरबंस सिंह ढिल्लो पूर्व उपाध्यक्ष, सोमेश दवे, गुरमीत चावला, निखिलकांत साहू, अनवर हुसैन, राजेश नेताम, अमन चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, मनीष साहू, शकील खान, कुमारी देवार, देवनारायण ध्रुव, जाकिर रजा, दुर्गेश्वरी चंद्राकर, विनोद युगर, लोकनाथ सूर्यवंशी, प्रीति बदल मक्कड़, देवेंद्र चंद्राकर, पुनीत पटेल, आरती महंती, मृत्युंजय बोस, लखन चंद्राकर, अनीता साव, मनोहर ठाकुर, सतीश कन्नौजे, माया पांडे, कविता तिवारी, लक्ष्मी सोनी, सोनम रामटेक, ममता चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, प्रकाश अजवानी, सिकंदर खान, पूर्व पार्षद राजू साहू, रवि साहू, जावेद चौहान, हार्दिक सोना, बसंत चंद्राकर, मोती साहू, सचिन गायकवाड, हर्षित चंद्राकर, सुरेंद्र ठाकुर, डॉ तरुण साहू, गौरव चंद्राकर, साधना सिंह नैनी, टोमन सिंग कागजी, लीलू साहू, एरिस अनवर, तुलसी साहू, नारायण नामदेव, गोविंद चंद्राकर, निर्मल जैन, नितेंद्र बैनर्जी, इमरान कुरैशी, संतोष ठाकुर, रवि सिंह ठाकुर, जानी खान, ऋषि वर्मा, आरिफ बेग, राजेश डडसेना, एजाज नकवी, बादल बघेल, यशोदा ध्रुव, दीपक शेट्टी, कान्हा बघेल, योजना सिंह, यमुना वर्मा, सतीश चंद्राकर, प्रकाश सागर, शगनजोत सिंह आदि मौजूद रहे।



### झेरिया यादव समाज की बैठक हुई

**बसना।** छग झेरिया यादव समाज इकाई बसना तहसील के अध्यक्ष नरेन्द्र यादव ने जेराभरन परिक्षेत्र में बैठक ली। बैठक में भाजपा सांसद प्रत्याशी रूपकुमारी ओमप्रकाश चौधरी को समर्थन दिया। बैठक में जेराभरन परिक्षेत्र अध्यक्ष जीवन लाल यादव, परिक्षेत्र सचिव प्रभाकर यादव, परिक्षेत्र संगठन मंत्री बिहारी यादव, परिक्षेत्र उपाध्यक्ष आनंद यादव, बौधन यादव, सदानंद यादव, कामधर यादव, घसिया यादव, चैनसिंग यादव, रामप्रसाद यादव, परमेश्वर यादव, डोडकसा परिक्षेत्र अध्यक्ष जदुमणि यादव आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश यादव ने दी।

# हिंदी साहित्य जगत में स्मरणीय हैं महादेवी वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में हिंदी साहित्य की महान कवियित्री आधुनिक युग की मीरा महादेवी वर्मा की जयंती पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि छायावाद की चार आधार स्तंभ में से एक प्रमुख स्तंभ के रूप में महादेवी वर्मा हिंदी साहित्य जगत में दैदिप्यमान है। महादेवी वर्मा एक ऐसी शख्शियत रही, जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता के बाद भी देखा उसके रूदन को परखा और ममता व करूणा से परिपूर्ण होकर भारत में व्याप्त अंधकार को दूर करने वाली दृष्टि देने की




सफलतम प्रयास किया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से डॉ अग्रवाल ने अपने सारगर्भित व्याख्यान में कहा कि महादेवी वर्मा का नाम महादेवी उनके पिता ने अपने परिवार में दो सौ वर्षों बाद कन्या के आगमन होने की खुशी में रखा। महादेवी वर्मा साहित्य जगत में एक ऐसा चमकता सितारा थी, जो कभी नाम और यश के पीछे नहीं भागी। उनकी रचनाओं में इतना सामर्थ्य था कि वो छायावाद युग की प्रमुख आधार स्तंभ के रूप में प्रतिष्ठित हुई। शिक्षित और सभ्य परिवार की महादेवी वर्मा संस्कृत की परास्नातक नहीं उनकी भाषा संस्कृतनिष्ठ खड़ी बोली रही। महादेवी वर्मा का गद्य और पद्य में समान रूप से अधिकार रहा। डॉ. नीलम अग्रवाल विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र ने आभार व्यक्त करते हुए महादेवी वर्मा के सम्मान और पुरस्कार को सबके साथ साझा किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक गण डॉ. रीता पांडेय, डॉ. आरके अग्रवाल, दिलीप कुमार बढ़ाई, राजेश्वरी सोनी, मनीषा प्रधान, विजय कुमार मिर्चे, गौरव सोनी, मृणाली चंद्राकर, पूजा यादव, शिवानी तावेरकर, नम्रता तंबोली, रेशमा वर्मा, दीप्ति पटेल, रूखमणी साहू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अन्नपूर्णा देवांगन ने किया।

# पदयात्रा कर अयोध्या से लौटने पर राम भक्तों का किया गया स्वागत

**सरायपाली।** रामलला दर्शन के लिए पदयात्रा करते हुए अयोध्या गए इंद्रजीत साहू और राजू बहेरा के वापस लौटने पर स्वागत किया गया। राम राज्य परिवार अध्यक्ष नवीन देवता, उपाध्यक्ष दिनेश अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मंत्री आयुष पटनायक के नेतृत्व में फल, गमछा, पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया। बाद डीजे, बाइक रैली के साथ नगर भ्रमण किया गया और राम मंदिर सरायपाली में समाप्त कर दोनों भाई को बधाई दिया गया। और नगरवासियों ने भी बताया कि सरायपाली के लिए गर्व की बात है।

दोनों ने 26 दिनों में सरायपाली से अयोध्या की पदयात्रा को पूर्ण किया और उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरण सभी का प्यार और साथ मिलता गया। इस दौरा राम



राज्य परिवार के सदस्य मयंक शर्मा, शिवम गंभीर, साहिल पटनायक, नवीन ठाकुर, गोल्डी सिंह, सोनू पढ़ी, दीपक यादव, नवीन भोई, राकेश यादव, बनती बहेरा, गौरव शर्मा, केशव रंजन, राजा स्वाइ, कान्हा साहू, जयप्रकाश बंजारा, दिनेश निषाद, मोनू राजपूत, केशव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# राम जानकी मंदिर में होली मिलन समारोह, विधायक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

राम जानकी मंदिर समिति के तत्वावधान में सोमवार को मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर भाईचारे और सौहार्द के प्रतीक रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं दी और कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारा और प्रेम का संदेश देता है। हमें रंगों के इस पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मिल जुलकर मनाना चाहिए और परस्पर प्रेम एवं सदभावना का परिचय देना चाहिए तथा



लोगों से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील की। उपस्थितजनों ने स्वादिष्ट मिष्ठानों का आनंद लिया तथा एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले लगाकर बड़े हर्षोल्लास से होली पर्व मनाया। इस अवसर पर संरक्षक आनंद मदनानी, राधे अग्रवाल, अशोक जोशी, सचिव अभय धृतलहरे, कार्यकारी अध्यक्ष तरूण दास, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य बलदेव मिश्रा, रमेश कर, ओमप्रकाश चौधरी, जयनारायण अग्रवाल, गजेंद्र साहू, सुमित अग्रवाल, अमित अग्रवाल, किशन अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, विकास वाधवा, निर्मल दास, संजय अग्रवाल, गजानंद अग्रवाल, अभिमन्यु जायसवाल, पुरूषोत्तम पटेल, भरत अग्रवाल, श्याम लाल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, जयंत चौहान, जगदीश सोनी, प्रेम सिंह बरिहा,वीरु पेंटर, अमृत चौधरी, मुकेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, आकाश सिन्हा, पुरोहित किशोर महाराज, सुमंत महाराज, संदीप महाराज सहित सम्मानित जन मौजूद रहें।



**महासमुंद।** शिव शक्ति होलिका उत्सव समिति क्लबपारा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी होलिका दहन धूम धाम से किया गया।

# कुंदकेश्वर महादेव मंदिर में मनाया होली पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शंकर नगर महासमुंद में स्थित कुंदकेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में बड़े उल्लास पूर्वक होली पर्व मनाया गया। होली के 1 दिन पूर्व मोहल्ले वासी मंदिर के सामने होलिका दहन किए। होलिका दहन में पूजा पाठ के पश्चात सभी बुराइयों को होलिका दहन में जलाने का प्रण लेकर आपसी प्रेम एवं सद्भावना से रहने का संकल्प लिए ।होली के दिन दोपहर 1 बजे अपने घर के सभी कामकाज निपटा कर मोहल्ले की महिलाएं मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुए और एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली त्योहार का आनंद लिए। सभी महिलाएं एक दूसरे को होली की बधाई दिए ।इस उल्लास पर्व को बड़े धूमधाम से मनाने श्रीमती सरला सोनी, कुमारी सेन, विनोदिनी पुरोहित, पर्वत साहू, शिखा सोनी, योगेश्वरी गोस्वामी, शोभा गोस्वामी, श्रद्धा गोस्वामी ,रेणु सोनी सरस्वती यादव ,माया भोसले, छोटी, राजेश्वरी, रश्मि, प्रीति समेत महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# क्षेत्र में रंगों का पर्व होली धूमधाम व शांतिपूर्वक मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

फाल्गुन पूर्णिमा रविवार रात्रि शुभ मुहूर्त पर पूजन अर्चन कर होलिका दहन किया गया। होली रंगों का ही नहीं, बल्कि एक दूसरे से प्रेम जताने तथा बुराइयों पर अच्छाई की जीत का त्यौहार है।

पर्व को रंग गुलाल के साथ मनाने का परपंरा पौराणिक कथाएं एवं मान्यता जुडी हुई है। इस होली के दिन संवत की शुरूआत होती है। चैत कृष्ण प्रतिप्रदा के दिन इन सभी खुशियों को व्यक्त करने के लिए रंगोत्सव



मनाया जाता है। इसके अलावा हुडदंग और रंगोत्सव का यह भी कारण है। बताया जाता है कि नृसिंह रूप में भगवान विष्णु ने इसी दिन प्रगट हुए थे। और असुरों के राजा हिरण्यकश्यप नामक असुर को वध कर भक्त प्रहलाद को दर्शन दिए थे। रंगों का त्यौहार होली में नगाड़े की थाप, होली गीत गूंजे और जमकर अबीर रंग गुलाल उड़े। छोटे बच्चों, युवा वर्ग में भी खासा उत्साह देखा गया। मुखौटा, नकली बाल, एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर व गले मिलकर होली की बधाई दी। इस दिन सभी घरों में ईष्टदेव की पूजा अर्चन कर सुख समृद्धि की कामना की गई। महुआ, नए आम फल तथा पकवान अरसा, उड़द की बड़ा, छनवा चीला इत्यादि अर्पित किए।

## एकता, भाईचारे एवं सद्भाव का संदेश देता है होली पर्वः पुरंदर

**पिथौरा।** रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा होली पर्व के अवसर पर जिले के प्रवास में थे। पुरंदर, सांकरा के वैष्णो देवी मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की व क्षेत्र के खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात वे पिथौरा से लगे ग्राम लहरौद आकर ग्रामीणों व समाज प्रमुखों से सौजन्य मुलाकात कर होली पर्व की बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व हमारी गौरवशाली परंपरा, विविधता एवं सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। रंग व उमंग का यह पर्व आपसी प्रेम, एकता, भाईचारे एवं सद्भाव का संदेश देता है। होली का पर्व अधर्म, असत्य एवं अन्याय से लड़ने की प्रेरणा देता है। पुरंदर ने क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि जीवन की आखिरी सांस कौन सी हो ये पता नहीं होता, इसीलिए द्वेष, वैमनस्य का जीवन में कोई स्थान नहीं होना चाहिए। होली में तो कहा ही जाता है, होली के दिन तो दुश्मन भी गले मिलते है। अपने शुभकामना संदेश में पुरंदर मिश्रा ने कामना की कि होलिका दहन के साथ ही प्रदेश की सारी समस्याएँ भस्म हों और छत्तीसगढ़ विकास, सामाजिक न्याय और समरसता के इंद्रधनुष रंगों से सराबोर हो। इस मौके पर समाज सेवी बजरंग अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, पंडित ऋषिकेश शुक्ला, गुणनिधि मिश्रा, आलोक त्रिपाठी, राजा शुक्ला, राजेश गोयल जित्तू, प्रियांशु दीक्षित उपस्थित थे।





## पतेरापाली में शांतिपूर्वक मनाया गया होली का पर्व

**नर्रा।** होली पूरे देश में मनाए जाने वाला एक विशेष पर्व है। यह त्यौहार फाल्गुन माह की पूर्णिमा को मनाई जाती है। होली का त्यौहार भक्त प्रहलाद की ईश्वर के प्रति अनन्य भक्ति और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस त्यौहार के पहले दिन होलिका रूपी बुराई का सत्य रूपी अग्नि में दहन किया जाता है। फिर अगले दिन जीत की खुशी को रंग और गुलाल की होली खेल कर मनाया जाता है। यह दर्शाता है कि बसंत आ गया है और बुराई पर अच्छाई की जीत हुई। इस त्यौहार पर एक-दूसरे को रंगों और पानी से रंगते है, और अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर एक दूसरे पर पानी और रंग लगाते हैं। समाजसेवी मनोज पटेल ने बताया कि हमें अप्राकृतिक (केमिकल युक्त) रंगों से होली नहीं खेलने चाहिए, बल्कि प्राकृतिक फूल (टेशू फूल) की रंगों से होली खेलनी चाहिए। इस प्राकृतिक रंग से हमारे शरीर के कई छोटे-मोटे बीमारी दूर होती है व हमारे शरीर के लिए फायदेमंद होता है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच तामेश्वर निषाद, समाजसेवी मनोज पटेल, ईश्वरी बांधे, रामकुमार, पप्पू पटेल, जीवराखन, गैंद पटेल, देवा, गोलू, हरिश्चंद्र, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।

# पत्रकार संघ ने धूमधाम से मनाया रंगोत्सव

**नर्रा।** स्थानीय संस्कृतिक भवन में होली के उपलक्ष्य में रंगोत्सव का कार्यक्रम पत्रकार संघ बागबाहरा द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम इकाई में नगाड़े की थाप पर फाग गीतां के साथ अबीर रंग गुलाल खेलकर होली का आनंद लिया। वहीं कार्यक्रम के दूसरे चरण में हास्य कवि अनुराग द्विवेदी, हबीब खान, डिगेश्वर साहू, ऋषि वर्मा(बैगा) रायपुर, कृष्णा भारती (निमगा), नांदगांव धनराज साहू ने अपने हास्य कविताओं से कार्यक्रम



में आए श्रोताओं को काफी गुदगुदाया एवं हसाया। कार्यक्रम के अंत में डीजे की धून में कार्यक्रम में आए नागरिक, राजनीतिक पार्टी के सदस्य, वकील, व्यापारी संघ, रामराज परिवार, आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्य, मित्र मंडल के सदस्य, शासकीय कर्मचारी एवं समाज प्रमुखगण ने कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम के आयोजक बागबाहरा पत्रकार संघ के प्रदीप शर्मा, सुरेश नरेडिया, रवि सेन, महेश हरपाल, देवेंद्र साहू, लितेश परमार, सोमनाथ तोंडेकर, सत्यप्रकाश चंद्राकर, गौरव बग्गा, आशीष गुप्ता, सुरेंद्र यादव, तारेश साहू, ललित पटेल सहित पत्रकारगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नितिन जैन कोमाखान ने किया।



## खरोरा में धूमधाम से मनाया गया होली पर्व

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में रंगों का पर्व होली सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। यहां कई स्थानों पर मंडलियों ने फाग गीत गाकर होली का माहौल बनाया। होली के दिन सुबह से लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर शुभकामनाएं देते रहे। नगाड़ों की थाप व फाग गीत पर लोग झूमते रहे। पर्व को लेकर सभी वर्गों में खासा उत्साह देखने को मिला। वहीं शाम को शहीद स्मारक में महिलाओं ने अमर शहीदों श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें सरोज, सुमित्रा, लेख, लीना, ममता, हेमलता, गायत्री, भारती, माधुरी, रेखा, मंजू, कुमारी, अंजू, दामिनी, बबली, पूनम, कलिन्दरी, लता, गिरजा, देवकी, वर्षा, रीना, दुर्गा, निर्मला, मोनिका, प्रियंका, लक्ष्मी,हेमा, उषा, रेणुका संतोषी, ममता, शिवकुमारी, नीलम आदि मौजूद रहे।



## उत्साहपूर्वक मनाया होली का त्यौहार

**सरायपाली।** रंग-गुलाल और नाच गाने के साथ पूरे अंचल में हर्षोल्लास के साथ होली का त्यौहार मनाया गया। होली को लेकर बच्चों एवं युवाओं में सबसे अधिक उत्साह देखा गया। सुबह से दोपहर तक कई टोलियों में बंटकर लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई देते रहे। दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं समाप्त हो जाने के कारण इस बार उन विद्यार्थियों ने भी होली का भरपूर आनंद लिया। प्रति वर्ष अंचल में होली का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष भी होलिका दहन के दिन से ही शहर में त्यौहार को लेकर काफी चहल पहल रही और होली पर रंग गुलाल व मिष्ठान्न की दुकानों के अलावा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान लगभग बंद रहे। सोमवार को सुबह से ही बच्चों की टोलियों ने घरों से निकलकर लोगों को रंगना शुरू कर दिया था। वहीं ढोल नगाड़ों के साथ युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक होली का त्यौहार मनाया। नगर सहित ग्रामीण अंचलों में भी इस वर्ष होली की काफी धूम रही। नगाड़ों के साथ-साथ डीजे की धुन में बच्चे व युवा जगह-जगह नाचते एवं एक-दूसरे को होली की बधाई देते हुए देख गए। बच्चों से लेकर युवा, बड़े, बुजुर्ग सभी होली के रंगों से सराबोर दिखाई दिए। इस दौरान शहर के अनेक स्थानों पर पुलिस की भी कड़ी निगरानी रही। शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने में पुलिस टीम का भी बड़ा योगदान रहा।



## बिरकोनी में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में रविवार की मध्य रात्रि चंडी गेट स्थित नंदीश्वर मैदान में होलिका दहन किया। ग्रामीणों ने परंपरा अनुसार पांच सात कंडे लेकर होलिका में डालकर पूजा अर्चना की। सोमवार को होली त्योहार पारंपरिक रीति रिवाज के साथ मनाया। इस दौरान ग्रामीण बच्चों ने एक-दूसरे पर गुलाल लगाकर अभिनंदन किया। रंगों के त्यौहार होली का पर्व क्षेत्र में शांति व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जागरूक युवाओं ने परंपरा गत पर्यावरण की सुरक्षा से होली मनाई। आंखों व त्वचा को हानिकारक रंगों से बचाने और केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग नहीं करने की हिदायत दी। इस अवसर पर बच्चों ने जमकर रंग गुलाल के साथ गली मोहल्लों में बच्चों ने एकत्रित होकर नगाड़े के धुन में डांस किया। गली में बालिकाओं द्वारा पारंपरिक धार्मिक गीतों में झूमते नजर आए। दोपहर से शाम तक चौक-चौराहों में रंग गुलाल से होली खेलने का सिलसिला जारी रहा। युवाओं ने होली नृत्य कर नगाड़ा की धुन में गुलाल उड़ाया। बुजुर्गों ने गांव बाजार चौक में डंडा नृत्य की अनोखी कला प्रस्तुत किया।



## पीले रंग का दुर्लभ पलाश पुष्प बना आकर्षण का केंद्र

**सरायपाली।** होली का त्यौहार हो और पलाश फूलों की चर्चा न हो, ऐसा संभव नहीं। क्योंकि, पलाश फूलों के बिना होली का त्यौहार अधूरा सा लगता है। पलाश के फूलों से ही होली का रंग तैयार किया जाता है। पलाश के फूल अपनी चटख लाल रंग के लिए जाना जाता है। मगर पिछले दिनों फुलझर अंचल के बरतियाभांठा के पास एक दुर्लभ पलाश के फूल देखने को मिला, जिसका रंग लाल नहीं, बल्कि पीला था। पीले रंग का पलाश फूल बहुत ही कम देखने को मिलता है। ग्राम रोहिना निवासी कमलेश साहू ने बताया कि पिछले दिनों बरतियाभांठा के पास सड़क किनारे कुछ बच्चे पलाश के फूल तोड़ रहे थे। आमतौर पर पलाश के फूल लाल रंग के होते हैं, मगर उनके हाथों में पलाश के जो फूल थे वे पीले रंग के थे। भंवरपुर-सागरपाली मार्ग किनारे खिले पीले रंग के पलाश पर अनायास ही नजर पड़ जाता है। वैसे तो पलाश के फूल अपने चटख लाल रंग के कारण जाना जाता है, जो ऋतुराज बसंत के आगमन की सूचना देता है। आकर्षक लाल रंग के फूलों के कारण ही इसे 'जंगल की आग' कहा जाता है। वैसे तो लाल रंग के पलाश बहुतायत में पाया जाता है मगर कहीं-कहीं पर ही इस तरह के दुर्लभ पीत वर्ण के पलाश के दर्शन होते हैं।

# महासमुंद शहर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर दिया जोर

**महासमुंद।** डॉ नीता बाजपेई राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग छग एवं एलएस गजपाल तथा प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अनुसुइया अग्रवाल शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ मालती तिवारी के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी एवं कैंपस एंबेसडर का प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय सेवा योजना उच्च शिक्षा विभाग छग शासन द्वारा किए गए एमओयू के तहत मतदाता जागरुकता एवं जिला कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी एवं कैंपस एंबेसडर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारियों का मतदाता बनने पर हमे गर्व है वोट देने को हम तैयार है बैच द्वारा स्वागत किया गया। इस



अवसर पर सर्वप्रथम डॉ मालती तिवारी द्वारा जिले में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संचालित इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी एवं कैंपस एम्बेसडरों को 26 अप्रैल को होने वाले लोक सभा निर्वाचन के लिए मतदाता जागरुकता के अंतर्गत विभिन्न जैसे चित्रकला, रंगोली, वाद विवाद, नारा लेखन, बनावटी, मतदान केंद्र, रैली, नुक्कड़ नाटक, दिलाव लेखन, हस्ताक्षर अभियान, डोर टू डोर जाकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर समस्त नोडल अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम की शेड्यूल प्रस्तुत किया गया। जिसमें राजेश्वरी सोनी द्वारा हस्ताक्षर अभियान डोर टू डोर सर्वे आदि कार्यक्रम करवाने का आश्वासन दिया गया। डॉ सरस्वती वर्मा माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद, मनहरण ठाकुर शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको, सालिक राम धीवर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय महासमुंद, भूपेंद्र साहू आईटीआई, गायत्री चंद्राकर शांति बाई कॉलेज महासमुंद, अनिता बंजारे गुड शेफर्ड स्कूल, इन्होंने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मालती तिवारी द्वारा शपथ दिलाई गई। रेखराज शर्मा ने मतदान क्षेत्र में प्रतिशत कम होने की जानकारी देते हुए महासमुंद नगर में लोकसभा क्षेत्र में प्रतिशत बढ़ाने की अति आवश्यक है की जानकारी दी। इन्होंने प्रत्येक शनिवार को गुड मॉर्निंग महासमुंद में जाने के लिए प्रेरित किया। अजय कुमार राजा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मतदान के लिए स्वयंसेवक पहले स्वयं जागरूक हो एवं अपने परिवार तथा समाज को मतदान के लिए घर पर रहकर भी जागरूक करें। डॉ मालती तिवारी द्वारा ऑनलाइन मोड पर जिले के समस्त इकाइयों की बैठक ली गई। इस अवसर पर प्रियांशु तिवारी, दुर्गा साहू, श्रद्धा ठाकुर, गोपी सिन्हा, मनोज देवांगन मौजूद रहे।







